# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र

दिनांक 03.10.19

सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय से दो दिवसीय Tour Jaipur जा रहा है। जिसके Conveyance & Stay Charges Rs.2000/- हैं। UG/PG Final Year की इच्छुक छात्राएं निम्न प्राध्यापिकाओं से सम्पर्क करें ताकि आगामी आवश्यक कार्यवाही की जाए:

डॉ0 सीमा सिंह
डॉ0 सोनिया 03/10/19
कु0 रितु
कु0 प्रिया अरोड़ा

प्राचार्या

Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

**Dayanand Mahila Mahavidyalaya, Kurukshetra**

**List of students going on Tour to Jaipur**

**Date 13.10.2019 to 15.10.2019**

| Sr. No. | Roll No. | Class | Name | Phone No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1531420055 | B.A. III | Rita Devi | 9467080619 7015153735 |
| 2 | 1531420064 | B.A. III | Gitika Mangla | 9896403180 |
| 3 | 1531420086 | B.A. III | Mehak | 9466797689 |
| 4 | 1531420115 | B.A. III | Yogita | 9467040811, 7988248688 |
| 5 | 1531420131 | B.A. III | Priya | 9518052797 |
| 6 | 1531420166 | B.A. III | Sunita | 8572876865 |
| 7 | 1531420221 | B.A. III | Khushboo | 9416127384 |
| 8 | 1531420257 | B.A. III | Garima | 9896034934 |
| 9 | 1614520001 | B.A. III | Aditi | 9729077877 7015058904 |
| 10 | 1614520009 | B.A. III | Pushpa | 9416267066 |
| 11 | 1614520017 | B.A. III | Garima | 9896025116 |
| 12 | 1614520026 | B.A. III | Dipali | 9992446878 |
| 13 | 1614520032 | B.A. III | Nishtha | 9467616058 |
| 14 | 1614520038 | B.A. III | Heena | 8813000369 |
| 15 | 1614520039 | B.A. III | Smriti | 9813454721 |
| 16 | 1614520042 | B.A. III | Priyanka | 9416121643 |
| 17 | 2267620006 | BTM II | Aarti Kush | 7056630664 |
| 18 | 2267620008 | BTM II | Manisha | 9896373371 |
| 19 | 2267620009 | BTM II | Preeti | 7027328408 |
| 20 | 2267620011 | BTM II | Arshu | 9466471336 |
| 21 | 2267620014 | BTM II | Kawaldeep Kaur | 8570013304 |
| 22 | 1531720001 | B.Sc. III | Ishika Gupta | 9034849009 |
| 23 | 1531720015 | B.Sc. III | Anjali | 9812334350 |
| 24 | 1531720054 | B.Sc. III | Mehak | 9729312288 |

| | Roll No. | Class | Name | Phone No. |
|---|---|---|---|---|
| 25 | 1531720062 | B.Sc. III | Meenakshi | 9541747681 |
| 26 | 1531720077 | B.Sc. III | Simran | 9996087416 |
| 27 | 1531820028 | B.Sc. III | Ritika Parashar | 9416967477 |
| 28 | 1531820044 | B.Sc. III | Garima Sharma | 9991688534 |
| 29 | 1531820063 | B.Sc. III | Ekta | 9354703758 |
| 30 | 1531820064 | B.Sc. III | Neha | 9896848230 |
| 31 | 1615320014 | B.Sc. III | Harpreet Kaur | 8295538308 |
| 32 | 1531520025 | B.Com. III | Lakshmi | 9034836205 |
| 33 | 1531520051 | B.Com. III | Alka | 8607296325 |
| 34 | 1531520065 | B.Com. III | Pratibha | 9416218860 |
| 35 | 1531520067 | B.Com. III | Sanchita | 7988399748 |
| 36 | 1531520072 | B.Com. III | Ankita | 94160-84721 |
| 37 | 1531520078 | B.Com. III | Nandini | 9466796088 |
| 38 | 1531620004 | B.Com. III | Nishi | 9518172652 |
| 39 | 1657120041 | B.Com. III | Nischal | 70273-03188 |
| 40 | 1657120053 | B.Com. III | Jashan | 8168360414 |
| 41 | 1657120057 | B.Com. III | Naina Goyal | 9034984100 |
| 42 | 1657120078 | B.Com. III | Vishali | 8930584310 |
| 43 | 1657120081 | B.Com. III | Kirti | 8168056696 |
| 44 | 1657120089 | B.Com. III | Kashni | 9416823458 |
| 45 | 2267820008 | M.Com. II | Kanika | 9518460743 |
| 46 | 2267820016 | M.Com. II | Sonia | 9068209648 |
| 47 | 2267820029 | M.Com. II | Paramjeet | 9996615589 |
| 48 | 2267820033 | M.Com. II | Alka Devi | 9896848486 |
| 49 | 2267820041 | M.Com. II | Hema | 9416075618 |

# शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण - जयपुर 13.10.2019 से 15.10.2019



## रिपोर्ट

दयानंद महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र की छात्राओं का दल 13 अक्तूबर 2019 से 15 अक्तूबर 2019 तक जयपुर की तीन दिवसीय भ्रमण पर रहा। इसमें महाविद्यालय में पढ़ने वाली बी० ए० तृतीय वर्ष, बी० कॉम० तृतीय वर्ष, बी० एस० सी० तृतीय वर्ष एवं बी० बी० एम० द्वितीय वर्ष की कुल 49 छात्राओं ने भाग लिया। प्राध्यापिकाएं डॉ० सीमा सिंह, डॉ० सोनिया व कुमारी प्रिया अरोड़ा भ्रमण में साथ गईं व नॉन-टीचिंग से जसवंत साथ गए।

13 अक्तूबर (रविवार) को सुबह 6:00 बजे बस जयपुर के लिए चली, रास्ते में दो जगहों (करनाल, मानेसर) पर आधा-आधा घण्टा रुकने के बाद लगभग 3:00 बजे सांय जयपुर पहुंच गए। सबसे पहले छात्राओं ने वहां के प्रसिद्ध बिड़ला मन्दिर के दर्शन किए। सफेद संगमरमर से बने मंदिर में जा कर जैसे छात्राओं की सफर के दौरान हुई थकान दूर हो गई। उसके बाद ट्रेवल एजेन्सी द्वारा बुक करवाए गए होटल 'शालीमार' में बस पहुंची। छात्राओं ने थोड़ा आराम किया और शाम 6:10 मिनट पर हम सभी जयपुर के प्रसिद्ध थियेटर राजमंदिर पहुंचे, वहां की भव्यता और सुंदरता ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। 1300 दर्शकों के एक साथ बैठने की क्षमता वाले इस थियेटर में छात्राओं के पूरे समूह ने 'वॉर' मूवी का आनंद लिया। उसके बाद होटल के समीप स्थित एक होटल में छात्राओं ने रात का भोजन किया व 10:00 रात सभी अपने अपने कमरों में सोने चली गईं।

14 अक्तुबर को सुबह 8:30 बजे छात्राएं जयपुर के ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण के लिए बस से आमेर के किले के लिए निकली। वहां पंहुच कर नाश्ता किया व 12:30 बजे तक किले में रही। वहां पर ट्रेवल एजेन्सी ने एक टूरिस्ट गाईड के द्वारा आमेर के इतिहास से छात्राओं को रू-ब-रू करवाया गया। उस किले के इतिहास, उसमें बनाए गए विभिन्न भाग जैसे- आमदरबार, बैठक 24, शिशे की छत्त, 12 महारानियों के भवन, मीना बाजार, वहां पर बनी फिल्में, आदि को सुन कर छात्राएं रोमांचित हो गई। खूब फोटो उन्होंने खिंचे। इसके बाद सभी छात्राएं 'जन्तर-मन्त्र' नामक स्थल पर गई। यह एक खगोलीय वेधशाला है और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। इसमें समय मापने, ग्रहण व तारों की स्थिती जानने, सौर मण्डल की जानकारी व गणित से सम्बन्धित 14 प्रमुख यन्त्र हैं।

छात्राओं ने रास्ते में 'जलमहल' का भी भ्रमण किया और वहां पर राजस्थान की पारम्परिक वेशभूषा में फोटो खिंचवाए। इसके बाद छात्राएं सवाई जयसिंह द्वारा बनाए गए राजकीय आवास 'सीटी पैलेस' में गई। यह प्रसिद्ध ऐतिहासिक तथा पर्यटन स्थल है तथा जयपुर शहर के मध्य में स्थित है। इसमें चंद्र महल और मुबारकमहल, राजाओं के कीमती सामान के संग्रहालय, आर्ट गैलेरी व बाजार उपलब्ध है। यह भवन राजपूत, मुगल और यूरोपियन शैलियों का अतुल्य मिश्रण है। सीटी पैलेस के भ्रमण के पश्चात छात्राएं बापू बाजार गई, जहां पर उन्होंने खूब खरीददारी की।

15 अक्तुबर को सुबह 9:30 बजे सबने होटल से चैक आउट किया। पहले छात्राओं ने बाजार में राजस्थानी व्यंजनों का नाश्ता किया और उसके बाद 'हवामहल' का भ्रमण किया। इसका निर्माण सन 1798 ई० में महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने बनवाया था, जिसे 'राजमुकुट' की तरह डिजाइन किया गया है। इसमें 953 बेहद खूबसूरत छोटी-छोटी जालीदार खिड़कियां हैं, जिन्हें राजस्थानी भाषा में झरोखे कहते हैं। सभी छात्राएं इस पांच मंजिला इमारत में घुमी और फोटोग्राफी की।

जलमहल भ्रमण के पश्चात लगभग 11:30 बजे सुबह सभी जयपुर से कुरुक्षेत्र की ओर रवाना हुए। रास्ते में 3:00 बजे रुककर सभी ने सुखदेव ढाबे पर लंच किया, एक दो बार और रुकते-रुकते बस 9:00 बजे महाविद्यालय परिसर में पहुंच गई, जहां से छात्राएं अपने पिता या माता के साथ अपने-अपने घरों को गई।

इस भ्रमण के दौरान छात्राओं ने काफी आनंद लिया, उन्होंने ऐतिहासिक स्थलों का ना केवल भ्रमण किया बल्कि उन इमारतों के इतिहास को जानने में भी रुचि ली। ट्रेवल एजेंसी की तरफ से श्री अविनाश ने मार्गदर्शक की भूमिका का निर्वाह करते हुए, समय पर स्थलों की टिकट का प्रबंध रखा व सही टूर डिजाईन के कारण ज्यादा से ज्यादा स्थलों का भ्रमण कर पाए। ~~बस~~ रुकने का प्रबंध अच्छा होने से छात्राएं काफी खुश थी।

Seema









